## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.08.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में लगभग ग्यारह हजार करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे।
- उप–राज्यपाल ने ओलम्पिक शैली की तीन फिटनेस मशाले प्रज्जवलित कर द्वीपसमूह के तीन मशहूर एथलीटों को सौंपी।
- आज पूरे देश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है।
- द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है–मछुआरों को अट्ठारह अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में लगभग ग्यारह हजार करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। इनमें द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खण्ड और शहरी विस्तार सड़क का दूसरा भाग शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि ये परियोजनाएं राजधानी के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित की गई हैं। इनके शुरू होने से आवागमन सुगम होगा, समय की बचत होगी और दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उनका निधन सोलह अगस्त दो हजार अट्ठारह को हुआ था। वे तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने और वर्ष दो हजार पन्द्रह में भारत रत्न से सम्मानित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में उनकी समाधि सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और गजेन्द्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति

उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि राष्ट्र के चौतरफा विकास के लिए अटल जी का समर्पण और सेवाभाव हर एक को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उपराज्यपाल ने ओलंपिक शैली की तीन फिटनेस मशालें प्रज्ज्वलित कीं। ये मशालें ओलंपिक मूल्यों–उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान–का प्रतीक हैं। इन्हीं मशालों के माध्यम से फिट इंडिया अंडमान–निकोबार खेल महोत्सव की शुरुआत हुई और राष्ट्रीय खेल दिवस दो हजार पच्चीस के लिए द्वीपसमूह के समारोहों का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। प्रत्येक मशाल द्वीपसमूह के तीन जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक उत्कृष्ट खिलाड़ी को सौंपी गई। निकोबार से आनंद लॉसन, दक्षिण अंडमान से प्राची टोप्पो और उत्तर–मध्य अंडमान से रेजिना कीरो को यह दायित्व दिया गया कि वे द्वीपों में मशाल यात्रा के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहित करें।

<><><><><><><>

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई हैं तो वहीं दूसरी ओर गुजरात के द्वारका में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर तथा वृंदावन में श्रीबांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन मंदिर सहित सभी मंदिर आकर्षक ढंग से सजाये गये हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भाग लिया और श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा–अर्चना की। श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि –

आज मध्यरात्रि में आज भगवान कृष्ण का अभिषेक किया जाएगा। इस भव्य उत्सव को देखने के लिए दुनिया भर से लोग मथुरा पहुंच रहे हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर, भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा में भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग देखने को मिल रहे हैं।

उधर, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कैम्पबेल बे के श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल आरती, प्रसाद वितरण के साथ महाभोग का भी आयोजन होगा। आज मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस के

कार्यक्रम को भारी बारिश के कारण कैम्पबेल बे सामुदायिक हॉल में मनाया जाएगा। आम जनता से कहा गया है कि शास्त्री नगर तक जाने के लिए रात साढ़े आठ बजे विशेष बस की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><><>

श्री विजय पुरम स्थित राज्य पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उप शिक्षा निदेशक अर्चना सिंह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाने के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को देश की आज़ादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए अमूल्य बलिदानों की याद दिलाई। इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैंड में छप्पन दशमलव आठ मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में सैंतालीस दशलव चार, मायाबंदर में छियालीस, हटबे में पैंतीस दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में ग्यारह दशमलव आठ, कार निकोबार में ग्यारह और ननकौड़ी में एक दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अंडमान द्वीप में एकाध स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा द्वीपसमूह के एक दो स्थानों पर गरज के साथ तेज हवा चलेंगी। हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी, जो बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटे तक हो सकती है। इस दौरान समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को अट्ठारह अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। बंदरगाह पर खतरे का संकेत नम्बर तीन लगा दिया गया है।

<><><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इसी के साथ, संस्थान के क्षेत्रीय केंद्रों – केवीके दक्षिण अंडमान, मध्य अंडमान, निकोबार और मिनिकॉय में भी स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। इन कार्यक्रमों में लगभग दो सौ पचास कर्मचारी एवं उनके परिजन ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत राजधानी श्री विजयपुरम् स्थित आई सी ए आर–क्यारी मुख्यालय में निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। अपने

संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की लगभग पचास प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद देशभर में कृषि प्रगति को बढ़ावा देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डॉ. चाकुरकर ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष छह पेटेंट प्राप्त हुए और पाँच तकनीकों का सफलतापूर्वक व्यावसायीकरण किया गया। संस्थान द्वारा विकसित प्रमुख नवाचारों में द्वीप टिक्योर, द्वीप लीफ सेपरेटर, द्वीप सिन्नरब, द्वीप एमएएस पोल्ट्री फीड और द्वीप गो फ्लाई शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान द्वारा विकसित अट्ठारह किस्मों को यूटी बीज उपसमिति द्वारा जारी करने की अनुशंसा की गई है, जिनमें मालाबार इमली और भारतीय तेजपत्ता देश में पहली बार जारी की गई किस्में हैं।

निदेशक ने कृषि विकास के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि अनुसंधान एवं नवाचारों के माध्यम से द्वीपों में कृषि की नई संभावनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, संस्थान ने वर्ष के दौरान तीन कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और एक किसान मेले का भी आयोजन किया, जो प्राकृतिक खेती का दायरा और चुनौतियाँ, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा कृषि–पारिस्थितिकी पर्यटन की संभावनाएँ जैसे विषयों पर केंद्रित थे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकप्रिय अभिनेता रजनीकांत को सिनेमा में उनके पचास वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में श्री मोदी ने कहा कि रजनीकांत का सिनेमा जगत का सफर यादगार रहा है। उनकी विविध भूमिकाओं ने अलग–अलग पीढ़ियों के दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने रजनीकांत के आने वाले समय में निरंतर सफलता और अच्छे स्वास्थ्य की भी कामना की है।

<><><><><><><>